(अ) विशिष्ट शर्तें:

1. संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, मध्यप्रदेश का आदेश क 5537 का पत्र दिनांक 25.04.2022 के माध्यम से उक्त खदान को 10 वर्ष की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हैं। अतः यह पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता दिनांक 24.04.2032 तक मान्य रहेगी।

2. **उज्जैन जिले की अनुमोदित नवीन जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में उक्त खदान की जानकारी अद्यतन करवाये जाने के उपरांत ही उत्खनन कार्य प्रारंभ किया जायेगा एवं इस हेतु संबंधित खनिज अधिकारी द्वारा परिपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**

3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन गतिविधि शुरू करने से पहले **जलीय निकाय एवं पक्की सड़क से 200 मीटर तक**" नो माइनिंग जोन" के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, राजस्व अधिकारियों, खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा। माननीय एनजीटी के ओए नंबर 304/2019 अनुसार पत्थर खनन प्रक्रिया में नॉन ब्लास्टिंग के लिए न्यूनतम दूरी 100 मीटर और ब्लास्टिंग के लिए न्यूनतम 200 मीटर की दूरी के स्थानवार मापदण्ड तय है)। परियोजना प्रस्तावक द्वारा सीमांकन के उपरांत खनन योग्य उपलब्ध क्षेत्र की पुर्नरीक्षित खनन योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्यतः अनुमोदन प्राप्त किया जाये।

4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनन गतिविधि शुरू करने से कच्ची सड़क से **न्यूनतम 50 मीटर तक**" नो माइनिंग जोन" के रूप में हरित क्षेत्र विकसित किया जायेगा एवं उक्त क्षेत्र का सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा सीमांकन के उपरांत खनन योग्य उपलब्ध क्षेत्र की पुर्नरीक्षित खनन योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्यतः अनुमोदन प्राप्त किया जाये।

5. **परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र में मौजूद 13 जीवित वृक्षों में से 09 वृक्षों को सक्षम प्राधिकारी की अनुमति उपरांत ही काटा जाये तथा किये गये क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण का संरक्षण नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया एवं प्रावधान अनुसार किया जायेगा। शेष 04 मौजूदा वृक्षों का भी संरक्षण एवं रखरखाव किया जायेगा।**

6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा जहा तक संभव हो परंपरागत उर्जा स्रोत की जगह नवकरणीय उर्जा का उपयोग सुनिश्चत किया जाये।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा निम्नानुसार तालिका में दर्शित वृक्षारोपण कार्यक्रम के अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) पौधों का रोपण तथा रख–रखाव लीज अवधि तक किया जावेगा।

| कं. | प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान | पौधों की प्रजातियॉ | मात्रा (संख्या में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बैरियर जोन के अंतर्गत | स्थानीय पौधों की प्रजातियां जैसेः– बरगद, चिरोल, नीम, सीताफल, जंगल जलेबी, सिस्सू , पीपल, करंज आदि। | 900 |
| 2 | खदान क्षेत्र के परिवहन मार्ग तक (पेड़ो की ऊंचाई न्यूनतम 1 मीटर) | स्थानीय पौधों की प्रजातियां जैसेः– पीपल, करंज, सप्तपर्णी, चिरोल, जंगल जलेबी, पुत्रंजीवा, नीम, सिस्सू आदि। | 200 |
| 3 | खदान क्षेत्र के पश्चिम भाग में प्रस्तावित एम सैंड प्लांट के चारो और | स्थानीय पौधों की प्रजातियां जैसेः– बरगद, चिरोल, नीम, सीताफल, जंगल जलेबी, सिस्सू , पीपल, करंज आदि। | 100 |
| 4. | ग्राम झिरमिरा के नजदीक स्थित प्राथमिक उपचार केंद्र में | स्थानीय पौधों की प्रजातियां जैसेः– चिरोल, नीम, सीताफल,; सिस्सू , पीपल, कदम, करंज आदि। | 50 |

